# भीषण गर्मी को देखते हुए 15 जून तक सीसी रोड सीमेंट्रीकरण बंद रहेगा

**भिलाईनगर।** नगर निगम भिलाई के सभागार में आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, चीफ इंजीनियर भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डीके वर्मा सभी जोन आयुक्त एवं अधिकारीगणों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया है कि नगर निगम भिलाई में 15 जून तक सीसी रोड सीमेंटीकरण का कार्य बंद रहेगा। अभी भीषण गर्मी पड़ रही है जिसके कारण पानी की समस्या हो रही है। सीसी रोड बनाते समय पानी से तराई अति आवश्यक है पानी से तराई नहीं होने के कारण रोड में मजबूती नहीं रहती है। कितना भी अच्छा सीमेंट, रेती, गिट्टी मिलाई जाए उसके लिए तराई आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माणकर्ता एजेंसियों द्वारा ठीक से पानी नहीं डाला जा रहा है जिसके कारण रोड में दरारें पड़ रही है और खराब हो जा रहा है। इसलिए आगामी आदेश 15 जून तक निर्माण बंद रहेगा। आयुक्त पाण्डेय निरीक्षण के दौरान देखे की बहुत सारे सीसी रोड मजबूत नहीं बन रहे हैं उसकी धार कोर टूट जा रहा है। रोड यदि किसी क्षेत्र में बहुत आवश्यक है और निर्माणकर्ता एजेंसी यह अस्वस्थ करती है कि पानी की तराई बराबर किया जाएगा। उसके ऊपर गीले बोरे या टाट पट्टी डाला जाएगा तभी विशेष परिस्थिति में निर्माण का आदेश दिया जाएगा अभी सीसी रोड का निर्माण बंद रहेगा।

